# उपज के भाव कम मिलने से भड़के किसान, चक्काजाम

**खास बातें**

- कम दाम, खरीदी में देरी और सिस्टम की खामियों से परेशान किसानों का फूटा गुस्सा
- प्रशासन की समझाइश के बाद खुला जाम



नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 अप्रैल, मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी को लेकर लगातार हो रही देरी अब किसानों के गुस्से का कारण बनती जा रही है.विदिशा में इसका असर साफ तौर पर देखने को मिला, जहां नाराज किसानों ने विदिशा-सागर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया.कई घंटों तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.**

दरअसल, विदिशा कृषि मंडी में पिछले 24 घंटे से किसानों की लंबी कतारें लगी हुई हैं. किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीदी शुरू न होने के कारण उन्हें खुले में इंतजार करना पड़ रहा है. किसानों का कहना है कि पहले उन्हें खेत में मेहनत करनी पड़ती है, फिर मौसम की मार झेलनी पड़ती है और अब उन्हें सिस्टम की खामियों से जूझना पड़ रहा है.किसानों का आरोप है कि सरकार द्वारा बार-बार गेहूं खरीदी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर खरीदी शुरू नहीं हो पा रही है.ऐसे में मजबूरी में किसान अपनी गेहूं, चना और मसूर की फसल व्यापारियों को कम दामों में बेचने को मजबूर हैं. जहां एक ओर सरकारी भाव 2600 रुपये प्रति क्विंटल बताया जा रहा है, वहीं किसानों को अपनी उपज 2200 रुपये प्रति क्विंटल तक में बेचनी पड़ रही है. इससे उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है. मंडी में इस मुद्दे को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच भी तीखी नोकझोंक देखने को मिली.व्यापारियों का कहना है कि मंडी प्रशासन द्वारा मैन्युअल पर्ची जमा नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है.उनका आरोप है कि ऑनलाइन भुगतान की अनिवार्यता के चलते लेन-देन में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन रही है.जब किसानों का गुस्सा बढ़ा तो उन्होंने सीधे सड़क पर उतरकर विरोध जताया और विदिशा-सागर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया.

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की. एक किसान ने कहा कि खेती करना दिन-ब-दिन महंगा होता जा रहा है—खेत में पानी देने से लेकर खाद-बीज तक हर चीज की लागत बढ़ चुकी है, लेकिन उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा. ऐसे में उनके पास विरोध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता.

काफी देर तक चले इस हंगामे के बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाइश दी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि खरीदी प्रक्रिया को जल्द ही व्यवस्थित किया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और यातायात फिर से सामान्य हो सका.

### मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार कर रहे काम-प्रशासन

प्रशासन का कहना है कि मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन कुछ व्यापारी अभी भी मैन्युअल भुगतान कर रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है. इसी कारण खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है.फिलहाल, विदिशा में किसानों का आक्रोश प्रशासन के लिए चेतावनी साबित हो रहा है.हालांकि जाम खुल चुका है, लेकिन किसानों की मुख्य मांग—फसल का उचित मूल्य और समय पर खरीदी—अब भी अधूरी है. बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल पाएगा.

# शराब दुकान के विरोध में 9 व्यापारी गिरफ्तार

**देर रात एसडीएम कोर्ट से मिली जमानत**

**व्यापार महासंघ के हस्तक्षेप के बाद रात 11 बजे मिली राहत**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 अप्रैल, शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 9 व्यापारियों को सिविल लाइन पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें बाद में व्यापार महासंघ के हस्तक्षेप के बाद देर रात एसडीएम कोर्ट से जमानत मिल गई.**

जानकारी के अनुसार खरी फाटक मैन रोड पर शराब दुकान खोले जाने का स्थानीय व्यापारियों द्वारा विरोध किया जा रहा था. बताया गया कि पहले ठेकेदार स्थानीय लोगों की मांग पर दुकान गली में खोलने को तैयार हो गया था और दुकान गली में खुल भी गई थी, लेकिन बाद में आबकारी विभाग द्वारा इसे मुख्य मार्ग पर शिफ्ट करने की कोशिश की गई, जिससे व्यापारियों में आक्रोश फैल गया.रविवार शाम विरोध तेज होने पर सिविल लाइन थाने के टीआई आर.के. मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए 9 व्यापारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गए, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया.घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी एवं उपाध्यक्ष आशीष महेश्वरी थाने पहुंचे और व्यापारियों की रिहाई के प्रयास शुरू किए. महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने मुंबई में रहते हुए मोबाइल के माध्यम से लगातार समन्वय किया.महासंघ पदाधिकारियों ने एसडीएम क्षितिज शर्मा से चर्चा कर रात में ही कोर्ट खुलवाने का अनुरोध किया, जिस पर देर रात करीब 10.30 बजे व्यापारियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया. इसके बाद रात 11 बजे सभी व्यापारियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया.महामंत्री नरेंद्र सोनी ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना महासंघ की प्राथमिकता है और किसी भी व्यापारी को अनावश्यक परेशान नहीं होने दिया जाएगा.

## प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आज होगा समापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** रोटरी क्लब ऑफ भेलसा-विदिशा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन 7 अप्रैल मंगलवार को होगा. यह शिविर शहर की सिंधी धर्मशाला, डंडापुरा में आयोजित किया गया, जिसमें राजस्थान से आए चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उपचार दिया गया.शिविर में काइरोप्रैक्टर, एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, मैग्नेट एवं फायर कपिंग पद्धति के माध्यम से बिना दवाई के उपचार किया गया. शिविर में डॉ. कैलाश कुमार, विपिन वर्मा एवं लक्ष्य सैनी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं.पांच दिवसीय शिविर के दौरान पेट की समस्याएं, शुगर, मोटापा, अस्थमा, थायराइड, गठिया, पीठ दर्द, बदन दर्द, हाथ-पैर में सुन्नपन, साइटिका, जोड़ों व घुटनों के दर्द तथा सर्वाइकल जैसी समस्याओं से ग्रसित लगभग 130 मरीजों ने उपचार प्राप्त किया. साथ ही उन्हें भविष्य में इन बीमारियों से बचाव के लिए परामर्श भी दिया गया.शिविर के अंतिम दिन 7 अप्रैल को इसका समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है.



## ध्वज पूजन और भूमि पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत, महिलाओं की रही विशेष उपस्थिति

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** श्री सियाराम सेवा समिति द्वारा 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. कथा का आयोजन रघुवंशी जी के बगीचा, हरीपुरा में किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं.इसी क्रम में मेन रोड हरीपुरा स्थित समिति कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर नगर की गणमान्य महिलाएं और माताएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया.कार्यालय शुभारंभ के बाद श्रद्धालु ध्वज लेकर कथा स्थल पहुंचे. वहां ध्वज पूजन और भूमि पूजन का कार्यक्रम विधि-विधान से संपन्न किया गया. धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की.आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# महीनों से वेतन को तरस रहे सवा सौ परिवार

- 8 माह से नियमित कर्मचारी बिना वेतन, 122 परिवारों पर गहराया संकट, हड़ताल की चेतावनी




नवभारत न्यूज

**कुरवाई. नगर परिषद में कर्मचारियों की स्थिति गंभीर होती जा रही है, जहां पिछले कई महीनों से वेतन न मिलने के कारण सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. कर्मचारियों का कहना है कि मेहनत के बावजूद उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है.**

नगर परिषद में 23 नियमित कर्मचारी पिछले 8 महीनों से बिना वेतन के काम कर रहे हैं. वहीं 54 दैनिक मस्टर कर्मियों को 6 माह से और 17 विनियमित स्थाई कर्मियों सहित 28 सफाई कामगारों को पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिला है. इस स्थिति से कुल 122 परिवार प्रभावित हो रहे हैं, जिनका भविष्य अब असमंजस में है.वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है. कई कर्मचारी कर्ज में डूब चुके हैं और राशन के लिए भी परेशान हैं. बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है. बीमार परिजनों के इलाज के लिए दवाइयां जुटाना भी मुश्किल हो गया है.कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन फंड की कमी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है. वहीं दूसरी ओर नगर में अन्य कार्य जारी हैं, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. उनका कहना है कि उनके हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है.पीड़ित कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे सामूहिक हड़ताल और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे. कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शहर की व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी.



## सात माह से वेतन नहीं, कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने पर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 अप्रैल**, एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले सात माह से वेतन नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठ गए हैं. यह संस्था वर्ष 1956 में स्थापित होकर शासन द्वारा वित्तपोषित है, लेकिन इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रही है. कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है. नाराज कर्मचारियों ने 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है. उनकी मुख्य मांग लंबित वेतन का पूर्ण भुगतान है. जानकारी के अनुसार, संस्था को पिछले एक वर्ष से शासन से अनुदान नहीं मिला है, जिससे वेतन वितरण प्रभावित हुआ है. कर्मचारियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर समस्या रखने का निर्णय लिया है.

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में हुआ झंडा वंदन

नवभारत न्यूज

**विदिशा.भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में झंडा वंदन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी ध्वज फहराकर की गई, जिसके बाद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया.**इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा की जानकारी साझा की गई. साथ ही पार्टी की विचारधारा, संगठन की गौरवशाली परंपरा एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया.कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ.कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन एवं कार्यक्रम संयोजक रवि सोनी ने उद्बोधन दिया. सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री अनिल सोनकर द्वारा किया गया. इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## अब सुबह 7 .30 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे स्कूल

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्कूल समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं. अब सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई स्कूलों में नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7.30 से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी. विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है. वहीं शिक्षकों को दोपहर 1.30 बजे तक स्कूल में उपस्थित रहना होगा. परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही होंगी और मूल्यांकन कार्य भी यथावत जारी रहेगा. यह व्यवस्था आगामी आदेश तक लागू रहेगी.

## डिजिटल अभियान चलाकर सरकार की नीतियों को जनता के बीच उजागर करेगी कांग्रेस

**जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक में बनी रणनीति, कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

नवभारत न्यूज

**विदिशा. जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी, जिला प्रभारी कपिल पाल एवं जिला अध्यक्ष गोविंद भार्गव की उपस्थिति में आयोजित की गई. बैठक में जिला, विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के साथ संगठन की डिजिटल रणनीति, सोशल मीडिया एक्टिविटी, कंटेंट समन्वय एवं आगामी कार्यक्रमों के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की गई.**

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि जल्द ही पूरे जिले में डिजिटल अभियान चलाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच पहुंचाया जाएगा.सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं के लिए सोशल मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक



कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा.जिला प्रभारी कपिल पाल ने कहा कि जिला से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की डिजिटल टीम को पूरी ताकत और एकजुटता के साथ मैदान में उतरना होगा.जिला अध्यक्ष गोविंद भार्गव ने कहा कि सोशल मीडिया आज एक बड़ी ताकत बन चुका है और इसके माध्यम से अपनी बात लाखों लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती है.जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य संगठन की डिजिटल ताकत को मजबूत करना एवं जनसरोकार के मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है.

## :: सूचना पत्र ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुष्यंत रघुवंशी पुत्र श्री जसवंत सिंह निवासी गंजबासौदा का एक प्लाट जो कि ग्राम बेहलोट प.ह.नं. 42 तह. गंजबासौदा जिला विदिशा में स्थित सर्वे नं. 101/1/1 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्ग फिट में स्थित है जिसके पूर्व में 25 फिट गली, पश्चिम में दिनेश तिवारी की भूमि, उत्तर में अनिता जैन का भूखंड, दक्षिण में आदेश कुमार जैन का प्लाट, को पूर्व विक्रेता मोहन लोधी पुत्र श्री गंगाराम लोधी से दिनांक 01.01.2018 दस्तावेज क्र. MP452742018 A1000849 से क्रय किया था। यह कि विक्रेता मोहन लोधी ने उक्त भूखंड को पूर्व स्वामी श्रीमति शीतल सिंधी पत्नि श्री बसुतरेजा एवं श्रीमति पलक सावलानी पत्नि श्री विनोद सावलानी से दिनांक 21.08.2017 दस्तावेज क्र. MP452742017A1479043 से क्रय किया था, एवं विक्रेता श्रीमति शीतल सिंधी एवं श्रीमति पलक सावलानी ने उक्त भूखंड को पूर्व स्वामी श्रीमति अनिता जैन पत्नि सुधीर चंद जैन से दिनांक 26.05.2014 दस्तावेज क. 606 से कय किया था, उक्त दस्तावेज का असल विक्रय पत्र क्र. 606 दिनांक 26.05.2014 कहीं गुम हो गया है। यह कि श्री दुष्यंत रघुवंशी पुत्र श्री जसवंत सिंह निवासी गंजबासौदा उक्त संपत्ति पर ए.यू. स्माल फायनेंस बैंक शाखा गंजबासौदा से उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि उक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति या बैंक या संस्था या वित्तीय संस्थान को अधिकार संम्बधी, स्वत्व संम्बधी उत्तराधिकार संबंधी आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय
**नरेन्द्र दांगी एडवाकेट**
किरी मोहल्ला विदिशा,मो. नं. 9589780955

## किसानों की समस्याओं पर बरसे भारतीय किसान संघ, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- खरीदी, कर्ज और बिजली संकट पर उठाए सवाल, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**कुरवाई. क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ, तहसील कुरवाई ने सोमवार को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा. इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया.**

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि गेहूं खरीदी की तारीखों में बार-बार बदलाव से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. सहकारी बैंकों द्वारा ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने के कारण क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए हैं, जिससे उन पर 7 प्रतिशत ब्याज और 14 प्रतिशत दंड का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है.किसान संघ ने नरवाई जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज की जा रही एफआईआर का विरोध करते हुए कहा कि जब तक सरकार पराली निपटान का स्थायी समाधान नहीं




निकालती, तब तक किसानों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए.

इसके साथ ही किसानों ने खरीदी केंद्रों की संख्या 10 से घटाकर 4 किए जाने पर नाराजगी जताई. उन्होंने 11 क्विंटल प्रति बीघा गेहूं खरीदी सुनिश्चित करने, धर्मकांटों से पारदर्शी तौल व्यवस्था लागू करने और रबी सीजन में कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की.संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा. इस दौरान कई पदाधिकारी और किसान उपस्थित रहे.

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति, धरना-प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने एक मंच पर आकर उन्हें मजबूती से उठाने का निर्णय लिया है. क्षेत्र के किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने, खरीदी व्यवस्था और समर्थन मूल्य को लेकर असंतोष बना हुआ है, जिससे वे परेशान हैं.**

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन की नीतियों का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है और किसानों को केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं. इन समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर आंदोलन की रणनीति तैयार की है.निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही दिल्ली और मध्य प्रदेश शासन के प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा. इसके अलावा किसानों के साथ बैठक एवं सम्मेलन आयोजित कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद कर सकें.पूर्व विधायक निशंक जैन ने कहा कि कांग्रेस नेता गांव-गांव जाकर किसानों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे और उनकी आवाज बनेंगे. उन्होंने बताया कि किसान सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा.नेताओं ने यह भी कहा कि महंगाई के कारण गरीब और मजदूर वर्ग भी परेशान है, उनकी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा. साथ ही आरोप लगाया कि शासन की योजनाओं का लाभ बिचौलिये उठा रहे हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंदों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है.

**विकास पचौरी रेडियो**
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**परेशानी** | **बादलों से बढ़ी उमस, बिजली की आंखमिचौली से बेहाल सांची**

# घंटों कटौती से पेयजल, व्यापार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित, नागरिकों ने उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**सांची. नगर सहित आसपास के क्षेत्र में इन दिनों मौसम और बिजली व्यवस्था ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है. आसमान में छाए बादलों के कारण उमस बढ़ गई है, वहीं लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है.**

भीषण गर्मी के बीच लोग कूलर और पंखों के सहारे राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसी दौरान मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती की जा रही है.



लोगों का कहना है कि सालभर मेंटेनेंस होने के बावजूद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है.बिजली कटौती का असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ रहा है, जिससे लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है. इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत कार्य प्रभावित हो रहे हैं और बैंकिंग सेवाएं भी बार-बार बाधित हो रही हैं. व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है.धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों पर भी बिजली व्यवस्था की बदहाली का असर देखने को मिल रहा है. वहीं हाल ही में डाली गई नई केबल के बार-बार जलने की घटनाओं ने उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.व्यापारी महासंघ अध्यक्ष संतोष दुबे ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और विभाग को जल्द स्थायी समाधान निकालना चाहिए. वहीं सपा नेता आरएस यादव ने कहा कि सांची जैसे ऐतिहासिक स्थल पर इस तरह की अव्यवस्था दुर्भाग्यपूर्ण है और आमजन को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए.अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कब तक सांचीवासी इस समस्या से जूझते रहेंगे और जिम्मेदार विभाग कब तक मेंटेनेंस के नाम पर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहेगा.

## काव्य गोष्ठी में गूंजे साहित्य और संगीत के सुर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में नगर के सृजनशील साहित्यकारों द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरके जैन ने की, जबकि संचालन चंद्र कुमार तारण, संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया.

गोष्ठी का प्रारंभ गायक कलाकार मेहताब सिंह ने फिल्म बैजू बावरा का भक्ति रस से परिपूर्ण गीत मन तड़पत हरि दर्शन को आज प्रस्तुत कर किया, जिससे सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा.युवा गजलकार कमलेश बंसल ने अपनी प्रस्तुति में कहा चंद लम्हों की रोशनी के लिए एक चिराग की तरह जलाए बुझाए गए हम. वहीं युवा गीतकार महेंद्र भार्गव ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा गंगा सी पवन हो तुम, मेरा तो सावन हो तुम.वरिष्ठ साहित्यकार ऋषभ बिंदास ने वर्तमान परिदृश्य पर अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा खुशियां कम, गम बहुत है, देखो लोग हैरान बहुत है. रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत ने लोक कहावत के माध्यम से संदेश देते हुए कहा सुख चाहो तो दो बातों को गांठ दो, झांकी लगाना छोड़ दो और झांकना भी छोड़ दो.कार्यक्रम के संचालक चंद्र कुमार तारण ने कविता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया.